futuretopper.in

**SET-3**

**Series GBM**

कोड नं.
**Code No. 67/3**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **24** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **24** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# लेखाशास्त्र

# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 80*



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* *यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों में विभक्त है – **क** और **ख** ।*

*(ii)* *खण्ड **क** सभी के लिए **अनिवार्य** है ।*

*(iii)* *खण्ड **ख** के दो विकल्प हैं – वित्तीय विवरणों का विश्लेषण तथा अभिकलित्र लेखांकन ।*

*(iv)* *खण्ड **ख** से **केवल एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(v)* *किसी प्रश्न के सभी खण्डों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए ।*

***General Instructions :***

*(i)* *This question paper contains two parts – **A** and **B**.*

*(ii)* *Part **A** is **compulsory** for all.*

*(iii)* *Part **B** has two options – Analysis of Financial Statements and Computerized Accounting.*

*(iv)* *Attempt **only one** option of Part **B**.*

*(v)* *All parts of a question should be attempted at one place.*

## खण्ड क

## (साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

## PART A

## (Accounting for Partnership Firms and Companies)

**1.** पी तथा क्यू एक फर्म में साझेदार थे तथा लाभ-हानि बराबर बाँटते थे । उनकी स्थायी पूँजियाँ क्रमश: ₹ 2,00,000 तथा ₹ 3,00,000 थीं । साझेदारी संलेख में पूँजी पर 12% प्रति वर्ष ब्याज का प्रावधान था । 31 मार्च, 2016 को समाप्त हुए वर्ष के लिए पूँजी पर ब्याज दिए बिना फर्म के लाभ का बँटवारा कर दिया गया । *1*

त्रुटि के शोधन के लिए आवश्यक समायोजन प्रविष्टि दीजिए ।

P and Q were partners in a firm sharing profits and losses equally. Their fixed capitals were ₹ 2,00,000 and ₹ 3,00,000 respectively. The partnership deed provided for interest on capital @ 12% per annum. For the year ended 31st March, 2016, the profits of the firm were distributed without providing interest on capital.

Pass necessary adjustment entry to rectify the error.

**2.** एक्स लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 500, 12% ऋणपत्रों को 5% के बट्टे पर निर्गमन के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । इन ऋणपत्रों का शोधन तीन वर्षों पश्चात् सममूल्य पर करना था । 600 ऋणपत्रों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । सभी आवेदकों को आनुपातिक आधार पर निर्गमन कर दिया गया ।

यह मानते हुए कि सभी राशि का भुगतान आवेदन पर करना था, ऋणपत्रों के निर्गमन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *1*



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

X Ltd. invited applications for issuing 500, 12% debentures of ₹ 100 each at a discount of 5%. These debentures were redeemable after three years at par. Applications for 600 debentures were received. Pro-rata allotment was made to all the applicants.

Pass necessary journal entries for the issue of debentures assuming that the whole amount was payable with application.

**3.** ज़ैड लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 1,000 समता अंशों का ₹ 2 प्रति अंश की प्रथम याचना का भुगतान न करने पर हरण कर लिया । ₹ 3 प्रति अंश की अन्तिम याचना अभी माँगी जानी थी ।

बट्टे की उस अधिकतम राशि की गणना कीजिए जिस पर इन अंशों का पुन:निर्गमन किया जा सकता है । *1*

Z Ltd. forfeited 1,000 equity shares of ₹ 10 each for the non-payment of the first call of ₹ 2 per share. The final call of ₹ 3 per share was yet to be made.

Calculate the maximum amount of discount at which these shares can be reissued.

**4.** दुर्गा तथा नरेश एक फर्म में साझेदार थे । वे पाँच नये सदस्यों को फर्म में प्रवेश देना चाहते थे । नाबालिगों के अतिरिक्त व्यक्तियों की ऐसी किन्हीं दो श्रेणियों की सूची बनाइए जिन्हें वे फर्म में प्रवेश नहीं दे सकते । *1*

Durga and Naresh were partners in a firm. They wanted to admit five more members in the firm. List any two categories of individuals other than minors who cannot be admitted by them.

**5.** जमा शेष के आधार पर 'स्थायी पूँजी खाते' तथा 'परिवर्तनशील पूँजी खाते' के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए । *1*

Distinguish between 'Fixed Capital Account' and 'Fluctuating Capital Account' on the basis of credit balance.

**6.** अ तथा ब एक फर्म में साझेदार थे तथा लाभ-हानि 5 : 3 के अनुपात में बाँटते थे । उन्होंने स को एक नया साझेदार बनाया । अ, ब तथा स का नया लाभ सहभाजन अनुपात 3 : 2 : 3 था । अ ने अपने लाभ के $\frac{1}{5}$ भाग को स के पक्ष में त्याग दिया । ब के त्याग की गणना कीजिए । *1*

A and B were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3. They admitted C as a new partner. The new profit sharing ratio between A, B and C was 3 : 2 : 3. A surrendered $\frac{1}{5}^{th}$ of his share in favour of C. Calculate B's sacrifice.



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

**7.** कवि, रवि, कुमार तथा गुरु एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1.2.2017 को गुरु ने अवकाश ग्रहण किया तथा कवि, रवि एवं कुमार के मध्य 3 : 1 : 1 के नए लाभ अनुपात का निर्णय किया गया । गुरु के अवकाश ग्रहण करने पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 3,60,000 किया गया ।

अपनी कार्यकारी टिप्पणियों को स्पष्ट दर्शाते हुए गुरु के अवकाश ग्रहण करने पर ख्याति के लेखांकन के लिए फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । *3*

Kavi, Ravi, Kumar and Guru were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 2 : 1. On 1.2.2017, Guru retired and the new profit sharing ratio decided between Kavi, Ravi and Kumar was 3 : 1 : 1. On Guru's retirement the goodwill of the firm was valued at ₹ 3,60,000.

Showing your working notes clearly, pass necessary journal entry in the books of the firm for the treatment of goodwill on Guru's retirement.

**8.** दिशा लिमिटेड ने निशा लिमिटेड से मशीनरी का क्रय किया तथा निशा लिमिटेड को निम्न प्रकार से भुगतान किया :

(i) ₹ 10 प्रत्येक के 10,000, समता अंशों को 10% के अधिलाभ पर निर्गमित करके ।

(ii) ₹ 100 प्रत्येक के 200, 9% ऋणपत्रों को 10% के बट्टे पर निर्गमित करके ।

(iii) शेष एक माह पश्चात् देय ₹ 50,000 का विनिमय पत्र स्वीकार करके ।

मशीनरी के क्रय एवं निशा लिमिटेड को इसके भुगतान के लिए दिशा लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

Disha Ltd. purchased machinery from Nisha Ltd. and paid to Nisha Ltd. as follows :

(i) By issuing 10,000, equity shares of ₹ 10 each at a premium of 10%.

(ii) By issuing 200, 9% debentures of ₹ 100 each at a discount of 10%.

(iii) Balance by accepting a bill of exchange of ₹ 50,000 payable after one month.

Pass necessary journal entries in the books of Disha Ltd. for the purchase of machinery and making payment to Nisha Ltd.



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

**9.** गणेश लिमिटेड ₹ 10 प्रत्येक के समता अंशों में विभक्त ₹ 10,00,00,000 की अधिकृत पूँजी के साथ पंजीकृत है । कम्पनी की अभिदत्त तथा पूर्ण प्रदत्त पूँजी ₹ 6,00,00,000 थी । स्थानीय नवयुवकों को रोज़गार प्रदान करने हेतु तथा अरुणाचल प्रदेश राज्य के जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए कम्पनी ने वहाँ पर एक जल-विद्युत् संयंत्र लगाने का निर्णय किया । कम्पनी ने ईटानगर, पासीघाट तथा तावाँग में कौशल विकास केन्द्रों की स्थापना का भी निर्णय लिया । अपनी नवीन वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कम्पनी ने ₹ 10 प्रत्येक के 1,00,000 समता अंशों तथा ₹ 100 प्रत्येक के 1,00,000, 9% ऋणपत्रों के निर्गमन का निर्णय लिया । ऋणपत्रों का शोधन पाँच वर्षों के पश्चात् सममूल्य पर करना है । अंशों तथा ऋणपत्रों का निर्गमन पूर्ण रूप से अभिदत्त हो गया । 2,000 अंशों का एक अंशधारक ₹ 2 प्रति अंश की अन्तिम याचना राशि का भुगतान करने में असफल रहा ।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की सूची III के प्रावधानों के अनुसार कम्पनी के स्थिति विवरण में अंश पूँजी को प्रदर्शित कीजिए । ऐसे किन्हीं दो मूल्यों की पहचान भी कीजिए जिन्हें कम्पनी प्रसारित करना चाहती है । *3*

Ganesh Ltd. is registered with an authorised capital of ₹ 10,00,00,000 divided into equity shares of ₹ 10 each. Subscribed and fully paid up capital of the company was ₹ 6,00,00,000. For providing employment to the local youth and for the development of the tribal areas of Arunachal Pradesh the company decided to set up a hydro power plant there. The company also decided to open skill development centres in Itanagar, Pasighat and Tawang. To meet its new financial requirements, the company decided to issue 1,00,000 equity shares of ₹ 10 each and 1,00,000, 9% debentures of ₹ 100 each. The debentures were redeemable after five years at par. The issue of shares and debentures was fully subscribed. A shareholder holding 2,000 shares failed to pay the final call of ₹ 2 per share.

Show the share capital in the Balance Sheet of the company as per the provisions of Schedule III of the Companies Act, 2013. Also identify any two values that the company wishes to propagate.

**10.** बी.पी.एल. लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 500, 9% ऋणपत्रों को, जिन्हें 6% के बट्टे पर निर्गमित किया गया था, ₹ 100 प्रत्येक के समता अंशों, जिन्हें ₹ 25 प्रति अंश के अधिलाभ पर निर्गमित किया गया था, में परिवर्तित किया । 9% ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टे को अभी तक अपलिखित नहीं किया गया है ।

अपनी कार्यकारी टिप्पणियों को स्पष्ट दर्शाते हुए, 9% ऋणपत्रों को समता अंशों में परिवर्तन पर आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

BPL Ltd. converted 500, 9% debentures of ₹ 100 each issued at a discount of 6% into equity shares of ₹ 100 each issued at a premium of ₹ 25 per share. Discount on issue of 9% debentures has not yet been written off.

Showing your working notes clearly, pass necessary journal entries for conversion of 9% debentures into equity shares.



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

**11.** मधु तथा नेहा एक फर्म में साझेदार थीं तथा लाभ-हानि 3 : 5 के अनुपात में बाँटती थीं । उनकी स्थायी पूँजियाँ क्रमश: ₹ 4,00,000 तथा ₹ 6,00,000 थीं । 1.1.2016 को टीना को लाभ के $\frac{1}{4}$ भाग के लिए एक नया साझेदार बनाया गया । टीना ने लाभ के अपने भाग को नेहा से प्राप्त किया । टीना अपनी पूँजी के लिए ₹ 4,00,000 लाई जिसे मधु तथा नेहा की पूँजियों की तरह स्थायी रखा जाना था । टीना के प्रवेश पर फर्म की ख्याति की तथा मधु, नेहा एवं टीना के नये लाभ अनुपात की गणना कीजिए । यह मानते हुए कि टीना ख्याति अधिलाभ के अपने भाग को नगद नहीं लाई, टीना के प्रवेश पर ख्याति के लेखांकन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि भी कीजिए । *4*

Madhu and Neha were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 5. Their fixed capitals were ₹ 4,00,000 and ₹ 6,00,000 respectively. On 1.1.2016, Tina was admitted as a new partner for $\frac{1}{4}^{\text{th}}$ share in the profits. Tina acquired her share of profit from Neha. Tina brought ₹ 4,00,000 as her capital which was to be kept fixed like the capitals of Madhu and Neha. Calculate the goodwill of the firm on Tina's admission and the new profit sharing ratio of Madhu, Neha and Tina. Also, pass necessary journal entry for the treatment of goodwill on Tina's admission considering that Tina did not bring her share of goodwill premium in cash.

**12.** अशोक, बाबू तथा चेतन एक फर्म में साझेदार थे तथा 4 : 3 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । फर्म प्रति वर्ष 31 मार्च को अपनी पुस्तकें बन्द करती है । 31 दिसम्बर, 2016 को अशोक का देहान्त हो गया । साझेदारी संलेख में प्रावधान था कि किसी साझेदार की मृत्यु होने पर उसके निष्पादक को निम्नलिखित देय होगा :

(i) उसके पूँजी खाते का शेष । 1.4.2016 को अशोक के पूँजी खाते में ₹ 90,000 का शेष था ।

(ii) पूँजी पर 12% वार्षिक ब्याज ।

(iii) उसकी मृत्यु के वर्ष में, फर्म के लाभों में से उसका भाग जिसका मूल्यांकन पिछले वर्ष के विक्रय पर शुद्ध लाभ की दर से किया जाएगा, जो कि 25% थी । 31 दिसम्बर, 2016 तक फर्म का विक्रय ₹ 4,00,000 था ।

(iv) फर्म की ख्याति में उसका भाग । अशोक की मृत्यु पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 4,50,000 किया गया ।



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

साझेदारी संलेख में मृत साझेदार के निष्पादक को देय राशि से निम्नलिखित कटौतियों का प्रावधान भी था :

(i) उसकी मृत्यु के वर्ष में उसका आहरण । 31.12.2016 तक अशोक का आहरण ₹ 15,000 था ।

(ii) आहरण पर 12% वार्षिक ब्याज जिसकी गणना ₹ 1,500 की गई ।

अशोक के निष्पादक को प्रस्तुत करने के लिए फर्म के लेखपाल ने अशोक का पूँजी खाता तैयार किया परन्तु जल्दी में उसने इसे अधूरा छोड़ दिया । फर्म के लेखपाल द्वारा तैयार किया गया अशोक का पूँजी खाता नीचे दिया गया है :

**अशोक का पूँजी खाता**

**नाम** **जमा**

| तिथि | विवरण | राशि ₹ | तिथि | विवरण | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| 2016 | | | 2016 | | |
| दिसम्बर 31 | ..... | 15,000 | अप्रैल 1 | ..... | 90,000 |
| दिसम्बर 31 | ..... | ..... | दिसम्बर 31 | ..... | 8,100 |
| दिसम्बर 31 | ..... | ..... | दिसम्बर 31 | ..... | 40,000 |
| | | | दिसम्बर 31 | ..... | 90,000 |
| | | | दिसम्बर 31 | ..... | 90,000 |
| | | 3,18,100 | | | 3,18,100 |

अशोक के पूँजी खाते को पूरा कीजिए । *4*

Ashok, Babu and Chetan were partners in a firm sharing profits in the ratio of 4 : 3 : 3. The firm closes its books on 31st March every year. On 31st December, 2016 Ashok died. The partnership deed provided that on the death of a partner his executors will be entitled for the following :

(i) Balance in his capital account. On 1.4.2016, there was a balance of ₹ 90,000 in Ashok's Capital Account.

(ii) Interest on capital @ 12% per annum.

(iii) His share in the profits of the firm in the year of his death will be calculated on the basis of rate of net profit on sales of the previous year, which was 25%. The sales of the firm till 31st December, 2016 were ₹ 4,00,000.

(iv) His share in the goodwill of the firm. The goodwill of the firm on Ashok's death was valued at ₹ 4,50,000.



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

The partnership deed also provided for the following deductions from the amount payable to the executor of the deceased partner :

(i) His drawings in the year of his death. Ashok's drawings till 31.12.2016 were ₹ 15,000.

(ii) Interest on drawings @ 12% per annum which was calculated as ₹ 1,500.

The accountant of the firm prepared Ashok's Capital Account to be presented to the executor of Ashok but in a hurry he left it incomplete. Ashok's Capital Account as prepared by the firm's accountant is given below :

**Ashok's Capital Account**

**Dr.** **Cr.**

| Date | Particulars | Amount ₹ | Date | Particulars | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| 2016 | | | 2016 | | |
| Dec 31 | ..... | 15,000 | April 1 | ..... | 90,000 |
| Dec 31 | ..... | ..... | Dec 31 | ..... | 8,100 |
| Dec 31 | ..... | ..... | Dec 31 | ..... | 40,000 |
| | | | Dec 31 | ..... | 90,000 |
| | | | Dec 31 | ..... | 90,000 |
| | | 3,18,100 | | | 3,18,100 |

You are required to complete Ashok's Capital Account.

**13.** कपिल, मोहित, रोशन तथा राकेश एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1.4.2016 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**1.4.2016 को कपिल, मोहित, रोशन तथा राकेश का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| पूँजियाँ : | | | स्थायी परिसम्पत्तियाँ | 8,00,000 |
| कपिल | 3,50,000 | | चालू परिसम्पत्तियाँ | 4,00,000 |
| मोहित | 3,00,000 | | | |
| रोशन | 2,50,000 | | | |
| राकेश | 2,00,000 | 11,00,000 | | |
| विविध लेनदार | | 50,000 | | |
| कामगार क्षतिपूर्ति संचय | | 50,000 | | |
| | | 12,00,000 | | 12,00,000 |



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

उपर्युक्त तिथि से साझेदारों ने भविष्य में लाभ बराबर-बराबर बाँटने का निर्णय किया । इस उद्देश्य के लिए फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 72,000 किया गया ।

यह भी निर्णय किया गया कि :

(i) स्थायी परिसम्पत्तियों पर 10% का मूल्यह्रास लगाया जाएगा तथा कामगार क्षतिपूर्ति संचय के विरुद्ध दावे का अनुमान ₹ 70,000 लगाया जाएगा ।

(ii) साझेदारों की पूँजियों को नए लाभ अनुपात में समायोजित किया जाएगा । इसके लिए साझेदारों के चालू खाते खोले जाएँगे ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा पुनर्गठित फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए । *6*

Kapil, Mohit, Roshan and Rakesh were partners in a firm sharing profits in the ratio of 5 : 2 : 2 : 1. On 1.4.2016 their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of Kapil, Mohit, Roshan and Rakesh as on 1.4.2016**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Capitals : | | | Fixed Assets | 8,00,000 |
| Kapil | 3,50,000 | | Current Assets | 4,00,000 |
| Mohit | 3,00,000 | | | |
| Roshan | 2,50,000 | | | |
| Rakesh | 2,00,000 | 11,00,000 | | |
| Sundry Creditors | | 50,000 | | |
| Workmen Compensation Reserve | | 50,000 | | |
| | | 12,00,000 | | 12,00,000 |



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

From the above date the partners decided to share the future profits equally. For this purpose the goodwill of the firm was valued at ₹ 72,000.

It was also agreed that :

(i) Fixed assets will be depreciated by 10% and the claim against Workmen Compensation Reserve will be estimated at ₹ 70,000.

(ii) The capitals of the partners will be adjusted according to their new profit sharing ratio. For this, Partners' Current Accounts will be opened.

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and the Balance Sheet of the reconstituted firm.

**14.** 1.4.2015 को एम.के.एम. लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 12,000, 11% ऋणपत्रों का निर्गमन 8% के बट्टे पर किया । इन ऋणपत्रों का तीन वर्षों के पश्चात् 10% के अधिलाभ पर शोधन करना है । कम्पनी अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बन्द करती है । 11% ऋणपत्रों पर ब्याज प्रति वर्ष 30 सितम्बर तथा 31 मार्च को देय होता है । स्रोत पर कर कटौती की दर 10% है ।

31.3.2016 को समाप्त हुए वर्ष के लिए 11% ऋणपत्रों के निर्गमन तथा ऋणपत्रों पर ब्याज की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *6*

On 1.4.2015, MKM Ltd. issued 12,000, 11% debentures of ₹ 100 each at a discount of 8%, redeemable at a premium of 10% after three years. The company closes its books on 31st March every year. Interest on 11% debentures is payable on 30th September and 31st March every year. The rate of tax deducted at source is 10%.

Pass necessary journal entries for the issue of 11% debentures and debenture interest for the year ended 31.3.2016.

**15.** एक साझेदारी फर्म के विघटन के समय निम्नलिखित अवस्थाओं में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *6*

(i) ₹ 500 के विघटन व्ययों का भुगतान एक साझेदार, जॉन ने किया ।

(ii) एक साझेदार, जॉनी ₹ 750 के कमीशन पर विघटन व्ययों का भुगतान करने को सहमत हो गया । वास्तविक विघटन व्यय ₹ 650 थे जिनका भुगतान जॉनी द्वारा किया गया ।

(iii) एक साझेदार, बॉनी ₹ 3,700 के देय पारिश्रमिक पर विघटन कार्य की देखरेख के लिए सहमत हो गया । वह विघटन व्ययों को वहन करने के लिए भी सहमत था । वास्तविक विघटन व्यय ₹ 4,200 का भुगतान बॉनी ने फर्म के रोकड़ से किया ।



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(iv) ₹ 10,000 के देय पारिश्रमिक पर एक साझेदार, सोनी को विघटन कार्य की देखरेख के लिए नियुक्त किया गया । सोनी विघटन व्ययों को वहन करने के लिए सहमत हो गया । सोनी ने अपने देय पारिश्रमिक के रूप में ₹ 10,000 का स्टॉक ले लिया । स्टॉक को पहले ही वसूली खाते में स्थानान्तरित कर दिया गया था ।

(v) एक साझेदार, विक्की ₹ 12,000 के देय पारिश्रमिक पर विघटन कार्य की देखरेख के लिए सहमत हो गया । विक्की विघटन व्ययों को वहन करने के लिए भी सहमत था । वास्तविक विघटन व्यय ₹ 12,500 का भुगतान एक अन्य साझेदार, क्लाईव ने विक्की की तरफ से किया ।

(vi) विघटन व्यय ₹ 5,000 थे ।

Pass necessary journal entries on the dissolution of a partnership firm in the following cases :

(i) Expenses of dissolution ₹ 500 were paid by John, a partner.

(ii) Joney, a partner, agreed to bear the dissolution expenses for a commission of ₹ 750. Actual dissolution expenses ₹ 650 were paid by Joney.

(iii) Bony, a partner, agreed to look after the dissolution work for a remuneration of ₹ 3,700. He also agreed to bear the dissolution expenses. Actual dissolution expenses ₹ 4,200 were paid by Bony from the firm's cash.

(iv) Sony, a partner, was appointed to look after the dissolution work for a remuneration of ₹ 10,000. Sony agreed to bear the dissolution expenses. Sony took away stock worth ₹ 10,000 as his remuneration. Stock had already been transferred to realisation account.

(v) Vikky, a partner, agreed to look after the dissolution work for a remuneration of ₹ 12,000. Vikky also agreed to bear the dissolution expenses. Actual dissolution expenses ₹ 12,500 were paid by another partner, Clive, on behalf of Vikky.

(vi) Dissolution expenses were ₹ 5,000.



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

**16.** सी तथा डी एक फर्म में साझेदार हैं तथा 4 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं । 31.3.2016 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31.3.2016 को सी तथा डी का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| विविध लेनदार | 40,000 | रोकड़ | 24,000 |
| डूबत ऋणों के लिए प्रावधान | 4,000 | देनदार | 36,000 |
| अदत्त वेतन | 6,000 | स्टॉक | 40,000 |
| सामान्य संचय | 10,000 | फर्नीचर | 80,000 |
| पूँजियाँ : | | प्लांट तथा मशीनरी | 80,000 |
| सी 1,20,000 | | | |
| डी 80,000 | 2,00,000 | | |
| | 2,60,000 | | 2,60,000 |

उपर्युक्त तिथि को लाभ के $\frac{1}{4}$ भाग के लिए ई को निम्नलिखित शर्तों पर एक नया साझेदार बनाया गया :

(i) ई अपनी पूँजी के लिए ₹ 1,00,000 तथा ख्याति प्रीमियम के अपने भाग के लिए ₹ 20,000 लाएगा, जिसके आधे भाग का सी तथा डी द्वारा आहरण कर लिया जाएगा ।

(ii) ₹ 2,000 के देनदारों को डूबत ऋणों के रूप में अपलिखित किया जाएगा तथा देनदारों पर डूबत तथा संदिग्ध ऋणों के लिए 4% का प्रावधान किया जाएगा ।

(iii) स्टॉक को ₹ 2,000 से कम किया जाएगा, फर्नीचर पर ₹ 4,000 का मूल्यह्रास लगाया जाएगा तथा प्लांट एवं मशीनरी पर 10% का मूल्यह्रास लगाया जाएगा ।

(iv) ₹ 7,000 के निवेश, जो स्थिति विवरण में नहीं दर्शाए गए हैं, का लेखा किया जाएगा ।

(v) ₹ 2,300 का एक अदत्त मरम्मत का बिल था जिसका लेखा पुस्तकों में किया जाएगा ।

फर्म की पुस्तकों में ई के प्रवेश पर उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *8*

**अथवा**



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

समीर, यासमीन तथा सलोनी एक फर्म में साझेदार थे तथा 4 : 3 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31.3.2016 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31.3.2016 को समीर, यासमीन तथा सलोनी का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 1,10,000 | रोकड़ | | 80,000 |
| सामान्य संचय | | 60,000 | देनदार | 90,000 | |
| पूँजियाँ : | | | घटा : प्रावधान | 10,000 | 80,000 |
| समीर | 3,00,000 | | स्टॉक | | 1,00,000 |
| यासमीन | 2,50,000 | | मशीनरी | | 3,00,000 |
| सलोनी | 1,50,000 | 7,00,000 | भवन | | 2,00,000 |
| | | | एकस्व | | 60,000 |
| | | | लाभ-हानि खाता | | 50,000 |
| | | 8,70,000 | | | 8,70,000 |

उपर्युक्त तिथि को समीर ने अवकाश ग्रहण किया तथा यह सहमति हुई कि :

(i) ₹ 4,000 के देनदारों को डूबत ऋणों के रूप में अपलिखित किया जाएगा तथा देनदारों पर डूबत एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान को 5% पर रखा जाएगा ।

(ii) ₹ 20,000 के एक लेनदार, जिसका लेखा नहीं किया गया था, का लेखा किया जाएगा ।

(iii) एकस्वों को पूर्णत: अपलिखित किया जाएगा तथा स्टॉक, मशीनरी तथा भवन पर 5% मूल्यह्रास लगाया जाएगा ।

(iv) यासमीन तथा सलोनी भविष्य में लाभ 3 : 2 के अनुपात में बाँटेंगे ।

(v) समीर के अवकाश ग्रहण करने पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 5,40,000 किया गया ।

समीर के अवकाश ग्रहण करने पर फर्म की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *8*



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

C and D are partners in a firm sharing profits in the ratio of 4 : 1. On 31.3.2016, their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of C and D as on 31.3.2016**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Sundry Creditors | | 40,000 | Cash | 24,000 |
| Provision for Bad Debts | | 4,000 | Debtors | 36,000 |
| Outstanding Salary | | 6,000 | Stock | 40,000 |
| General Reserve | | 10,000 | Furniture | 80,000 |
| Capitals : | | | Plant and Machinery | 80,000 |
| C | 1,20,000 | | | |
| D | 80,000 | 2,00,000 | | |
| | | 2,60,000 | | 2,60,000 |

On the above date, E was admitted for $\frac{1}{4}^{th}$ share in the profits on the following terms :

(i) E will bring ₹ 1,00,000 as his capital and ₹ 20,000 for his share of goodwill premium, half of which will be withdrawn by C and D.

(ii) Debtors ₹ 2,000 will be written off as bad debts and a provision of 4% will be created on debtors for bad and doubtful debts.

(iii) Stock will be reduced by ₹ 2,000, furniture will be depreciated by ₹ 4,000 and 10% depreciation will be charged on plant and machinery.

(iv) Investments of ₹ 7,000 not shown in the Balance Sheet will be taken into account.

(v) There was an outstanding repairs bill of ₹ 2,300 which will be recorded in the books.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the firm on E's admission.

**OR**



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

Sameer, Yasmin and Saloni were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 3. On 31.3.2016, their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of Sameer, Yasmin and Saloni as on 31.3.2016**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 1,10,000 | Cash | | 80,000 |
| General Reserve | | 60,000 | Debtors | 90,000 | |
| Capitals : | | | Less : Provision | 10,000 | 80,000 |
| Sameer | 3,00,000 | | Stock | | 1,00,000 |
| Yasmin | 2,50,000 | | Machinery | | 3,00,000 |
| Saloni | 1,50,000 | 7,00,000 | Building | | 2,00,000 |
| | | | Patents | | 60,000 |
| | | | Profit and Loss Account | | 50,000 |
| | | 8,70,000 | | | 8,70,000 |

On the above date, Sameer retired and it was agreed that :

(i) Debtors of ₹ 4,000 will be written off as bad debts and a provision of 5% on debtors for bad and doubtful debts will be maintained.

(ii) An unrecorded creditor of ₹ 20,000 will be recorded.

(iii) Patents will be completely written off and 5% depreciation will be charged on stock, machinery and building.

(iv) Yasmin and Saloni will share future profits in the ratio of 3 : 2.

(v) Goodwill of the firm on Sameer's retirement was valued at ₹ 5,40,000.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the firm on Sameer's retirement.

**17.** वी.एक्स.एन. लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 50,000 समता अंशों को ₹ 8 प्रति अंश के अधिलाभ पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

आवेदन पर : ₹ 4 प्रति अंश (₹ 2 के अधिलाभ सहित)

आबंटन पर : ₹ 6 प्रति अंश (₹ 3 के अधिलाभ सहित)

प्रथम याचना पर : ₹ 5 प्रति अंश (₹ 1 के अधिलाभ सहित)

दूसरी तथा अन्तिम याचना पर : शेष राशि



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

निर्गमन पूर्णत: अभिदत्त हो गया । 200 अंशों के एक अंशधारक, गोपाल ने आबंटन राशि का भुगतान नहीं किया तथा 400 अंशों के अंशधारक, माधव ने अपनी सारी अंश राशि का भुगतान आबंटन राशि के साथ कर दिया । आबंटन के तुरन्त पश्चात् गोपाल के अंशों का हरण कर लिया गया । उसके पश्चात् प्रथम याचना माँगी गई । 100 अंशों के एक अंशधारक, कृष्णा ने प्रथम याचना राशि का भुगतान नहीं किया तथा 300 अंशों के एक अंशधारक, गिरधर ने प्रथम याचना राशि के साथ दूसरी याचना राशि का भी भुगतान कर दिया । प्रथम याचना राशि प्राप्त करने के तुरन्त पश्चात् कृष्णा के अंशों का हरण कर लिया गया । इसके पश्चात् दूसरी तथा अन्तिम याचना राशि माँगी गई तथा पूर्णत: प्राप्त हो गई । हरण किए गए सभी अंशों को ₹ 9 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन:निर्गमित कर दिया गया ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *8*

**अथवा**

जे.जे.के. लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 50,000 समता अंशों को सममूल्य पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

आवेदन पर : ₹ 2 प्रति अंश

आबंटन पर : ₹ 4 प्रति अंश

प्रथम तथा अन्तिम याचना पर : शेष राशि

निर्गमन तीन गुना अधि-अभिदत्त हुआ । 30% अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा आवेदन राशि वापस कर दी गई । शेष आवेदकों को निम्न प्रकार से आबंटन किया गया :

| श्रेणी | आवेदन किए गए अंश | आबंटित किए गए अंश |
|---|---|---|
| I | 80,000 | 40,000 |
| II | 25,000 | 10,000 |

जिन आवेदकों को अंशों का आबंटन किया गया उनके द्वारा भुगतान की गई अतिरिक्त राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में कर लिया गया ।

श्रेणी I से सम्बन्धित एक अंशधारक, दीपक, जिसने 1,000 अंशों के लिए आवेदन किया था, ने आबंटन राशि का भुगतान नहीं किया । 100 अंशों के एक अंशधारक, राजू ने भी आबंटन राशि का भुगतान नहीं किया । राजू श्रेणी II से सम्बन्धित था । आबंटन के तुरन्त पश्चात् दीपक तथा राजू दोनों के अंशों का हरण कर लिया गया । उसके पश्चात् प्रथम तथा अन्तिम याचना माँगी गई तथा पूरी राशि प्राप्त हो गई । दीपक तथा राजू के हरण किए गए अंशों को ₹ 11 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन:निर्गमित कर दिया गया ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *8*



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

VXN Ltd. invited applications for issuing 50,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 8 per share. The amount was payable as follows :

On Application : ₹ 4 per share (including ₹ 2 premium)

On Allotment : ₹ 6 per share (including ₹ 3 premium)

On First Call : ₹ 5 per share (including ₹ 1 premium)

On Second and Final Call : Balance Amount

The issue was fully subscribed. Gopal, a shareholder holding 200 shares, did not pay the allotment money and Madhav, a holder of 400 shares, paid his entire share money along with the allotment money. Gopal's shares were immediately forfeited after allotment. Afterwards, the first call was made. Krishna, a holder of 100 shares, failed to pay the first call money and Girdhar, a holder of 300 shares, paid the second call money also along with the first call. Krishna's shares were forfeited immediately after the first call. Second and final call was made afterwards and was duly received. All the forfeited shares were reissued at ₹ 9 per share fully paid up.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the company.

**OR**

JJK Ltd. invited applications for issuing 50,000 equity shares of ₹ 10 each at par. The amount was payable as follows :

On Application : ₹ 2 per share

On Allotment : ₹ 4 per share

On First and Final Call : Balance Amount

The issue was oversubscribed three times. Applications for 30% shares were rejected and money refunded. Allotment was made to the remaining applicants as follows :

| Category | No. of Shares Applied | No. of Shares Allotted |
|---|---|---|
| I | 80,000 | 40,000 |
| II | 25,000 | 10,000 |

Excess money paid by the applicants who were allotted shares was adjusted towards the sums due on allotment.

Deepak, a shareholder belonging to Category I, who had applied for 1,000 shares, failed to pay the allotment money. Raju, a shareholder holding 100 shares, also failed to pay the allotment money. Raju belonged to Category II. Shares of both Deepak and Raju were forfeited immediately after allotment. Afterwards, first and final call was made and was duly received. The forfeited shares of Deepak and Raju were reissued at ₹ 11 per share fully paid up.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the company.



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

## खण्ड ख
## (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

## PART B
## (Analysis of Financial Statements)

**18.** 'रोकड़ प्रवाह विवरण' का क्या अर्थ है ? *1*

What is meant by 'Cash Flow Statement' ?

**19.** रोकड़ तथा रोकड़ तुल्य को छोड़कर 'शुद्ध कार्यशील पूँजी में कमी' प्रचालन गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह को बढ़ाएगी, घटाएगी अथवा इसमें कोई परिवर्तन नहीं होगा ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए । *1*

Will 'Net decrease in working capital' other than cash and cash equivalents, increase, decrease or not change Cash Flow from Operating Activities ? Give reason in support of your answer.

**20.** 'वित्तीय विवरणों के विश्लेषण' की किन्हीं चार सीमाओं का उल्लेख कीजिए । *4*

State any four limitations of 'Analysis of Financial Statements'.

**21.** एम. लिमिटेड का स्वामित्व अनुपात 0·80 : 1 है ।

कारण देते हुए उल्लेख कीजिए कि निम्नलिखित लेनदेनों से स्वामित्व अनुपात बढ़ेगा, घटेगा अथवा इसमें कोई परिवर्तन नहीं होगा : *4*

(i) बैंक से ₹ 2,00,000 का पाँच वर्ष पश्चात् देय ऋण प्राप्त किया ।

(ii) ₹ 75,000 की मशीनरी का नगद क्रय किया गया ।

(iii) ₹ 1,00,000 के 5% शोधनीय पूर्वाधिकारी (अधिमानी) अंशों का शोधन किया ।

(iv) ₹ 4,00,000 की मशीनरी के क्रय हेतु विक्रेता को समता अंशों का निर्गमन किया गया ।

The proprietary ratio of M. Ltd. is 0·80 : 1.

State with reasons whether the following transactions will increase, decrease or not change the proprietary ratio :

(i) Obtained a loan from bank ₹ 2,00,000 payable after five years.

(ii) Purchased machinery for cash ₹ 75,000.

(iii) Redeemed 5% redeemable preference shares ₹ 1,00,000.

(iv) Issued equity shares to the vendors of machinery purchased for ₹ 4,00,000.



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

**22.** वित्तीय विवरणों को लेखांकन अवधारणाओं, सिद्धान्तों, प्रक्रियाओं तथा विधिक पर्यावरण भी, जिसमें व्यावसायिक संगठन प्रचालित होते हैं, को ध्यान में रख कर तैयार किया जाता है । ये विवरण ऐसी सूचना का स्रोत होते हैं जिनके आधार पर कम्पनी की लाभप्रदत्ता एवं वित्तीय स्थिति के बारे में निष्कर्ष निकलते हैं ताकि उपयोगकर्ता सुगमता से इनको समझ सकें तथा इनका उपयोग अपने आर्थिक निर्णयों में अर्थपूर्ण रूप से कर सकें ।

उपर्युक्त कथन से ऐसे किन्हीं दो मूल्यों की पहचान कीजिए जिनको किसी कम्पनी को अपने वित्तीय विवरण तैयार करते समय ध्यान में रखना चाहिए । यह भी उल्लेख कीजिए कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III के अनुसार एक कम्पनी के स्थिति विवरण में निम्नलिखित मदों को किन-किन मुख्य शीर्षकों तथा उप-शीर्षकों के अन्तर्गत दर्शाया जाएगा : *4*

(i) पूँजीगत संचय

(ii) पूर्वदत्त याचनाएँ

(iii) खुदरा औजार

(iv) बैंक अधिविकर्ष

Financial statements are prepared following the consistent accounting concepts, principles, procedures and also the legal environment in which the business organisations operate. These statements are the sources of information on the basis of which conclusions are drawn about the profitability and financial position of a company so that their users can easily understand and use them in their economic decisions in a meaningful way.

From the above statement identify any two values that a company should observe while preparing its financial statements. Also, state under which major headings and sub-headings the following items will be presented in the Balance Sheet of a company as per Schedule III of the Companies Act, 2013.

(i) Capital Reserve

(ii) Calls-in-Advance

(iii) Loose Tools

(iv) Bank Overdraft



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

**23.** 31.3.2016 को एस.आर.एस. लिमिटेड के निम्नलिखित स्थिति विवरण तथा अतिरिक्त सूचना से रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए : *6*

**31.3.2016 को एस.आर.एस. लिमिटेड का स्थिति विवरण**

| | विवरण | नोट सं. | 31.3.2016 ₹ | 31.3.2015 ₹ |
|---|---|---|---|---|
| **I – समता एवं देयताएँ :** | | | | |
| 1. | **अंशधारी निधियाँ :** | | | |
| | (अ) अंश पूँजी | | 4,50,000 | 3,50,000 |
| | (ब) संचय एवं आधिक्य | 1 | 1,25,000 | 50,000 |
| 2. | **अचल देयताएँ :** | | | |
| | दीर्घकालीन ऋण | 2 | 2,25,000 | 1,75,000 |
| 3. | **चालू देयताएँ :** | | | |
| | (अ) लघुकालीन ऋण | 3 | 75,000 | 37,500 |
| | (ब) लघुकालीन प्रावधान | 4 | 1,00,000 | 62,500 |
| | **कुल** | | 9,75,000 | 6,75,000 |
| **II – परिसम्पत्तियाँ :** | | | | |
| 1. | **अचल परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| | **(अ) स्थायी परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| | (i) मूर्त | 5 | 7,32,500 | 4,52,500 |
| | (ii) अमूर्त | 6 | 50,000 | 75,000 |
| | **(ब) अचल निवेश** | | 75,000 | 50,000 |
| 2. | **चालू परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| | (अ) चालू निवेश | | 20,000 | 35,000 |
| | (ब) स्टॉक (मालसूची) | 7 | 61,000 | 36,000 |
| | (स) रोकड़ तथा रोकड़ तुल्य | | 36,500 | 26,500 |
| | **कुल** | | 9,75,000 | 6,75,000 |



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

**खातों के नोट्स**

| नोट सं. | विवरण | 31.3.2016 ₹ | 31.3.2015 ₹ |
|---|---|---|---|
| 1. | **संचय एवं आधिक्य** | | |
| | (आधिक्य – लाभ-हानि विवरण का शेष) | 1,25,000 | 50,000 |
| | | 1,25,000 | 50,000 |
| 2. | **दीर्घकालीन ऋण** | | |
| | 12% ऋणपत्र | 2,25,000 | 1,75,000 |
| | | 2,25,000 | 1,75,000 |
| 3. | **लघुकालीन ऋण** | | |
| | बैंक अधिविकर्ष | 75,000 | 37,500 |
| | | 75,000 | 37,500 |
| 4. | **लघुकालीन प्रावधान** | | |
| | प्रस्तावित लाभांश | 1,00,000 | 62,500 |
| | | 1,00,000 | 62,500 |
| 5. | **मूर्त परिसम्पत्तियाँ** | | |
| | मशीनरी | 8,37,500 | 5,22,500 |
| | एकत्रित (संचित) मूल्यह्रास | (1,05,000) | (70,000) |
| | | 7,32,500 | 4,52,500 |
| 6. | **अमूर्त परिसम्पत्तियाँ** | | |
| | ख्याति | 50,000 | 75,000 |
| | | 50,000 | 75,000 |
| 7. | **स्टॉक (मालसूची)** | | |
| | स्टॉक (बिक्री के लिए माल) | 61,000 | 36,000 |
| | | 61,000 | 36,000 |

*अतिरिक्त सूचना :*

(i) ₹ 50,000, 12% ऋणपत्रों का निर्गमन 31.3.2016 को किया गया ।

(ii) वर्ष में एक मशीन, जिसकी लागत ₹ 40,000 थी तथा जिस पर एकत्रित (संचित) मूल्यह्रास ₹ 20,000 था, को ₹ 5,000 की हानि पर बेचा गया ।



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

From the following Balance Sheet of SRS Ltd. and the additional information as on 31.3.2016, prepare a Cash Flow Statement :

**Balance Sheet of SRS Ltd. as on 31.3.2016**

| | Particulars | Note No. | 31.3.2016 ₹ | 31.3.2015 ₹ |
|---|---|---|---|---|
| **I – Equity and Liabilities :** | | | | |
| 1. | **Shareholder's Funds :** | | | |
| | (a) Share Capital | | 4,50,000 | 3,50,000 |
| | (b) Reserves and Surplus | 1 | 1,25,000 | 50,000 |
| 2. | **Non-Current Liabilities :** | | | |
| | Long-term Borrowings | 2 | 2,25,000 | 1,75,000 |
| 3. | **Current Liabilities :** | | | |
| | (a) Short-term Borrowings | 3 | 75,000 | 37,500 |
| | (b) Short-term Provisions | 4 | 1,00,000 | 62,500 |
| | **Total** | | 9,75,000 | 6,75,000 |
| **II – Assets :** | | | | |
| 1. | **Non-Current Assets :** | | | |
| | **(a) Fixed Assets :** | | | |
| | (i) Tangible | 5 | 7,32,500 | 4,52,500 |
| | (ii) Intangible | 6 | 50,000 | 75,000 |
| | **(b) Non-Current Investments** | | 75,000 | 50,000 |
| 2. | **Current Assets :** | | | |
| | (a) Current Investments | | 20,000 | 35,000 |
| | (b) Inventories | 7 | 61,000 | 36,000 |
| | (c) Cash and Cash Equivalents | | 36,500 | 26,500 |
| | **Total** | | 9,75,000 | 6,75,000 |



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

**Notes to Accounts**

| Note No. | Particulars | 31.3.2016 ₹ | 31.3.2015 ₹ |
|---|---|---|---|
| 1. | **Reserves and Surplus** (Surplus i.e., Balance in the Statement of Profit and Loss) | 1,25,000 | 50,000 |
| | | 1,25,000 | 50,000 |
| 2. | **Long-term Borrowings** 12% Debentures | 2,25,000 | 1,75,000 |
| | | 2,25,000 | 1,75,000 |
| 3. | **Short-term Borrowings** Bank Overdraft | 75,000 | 37,500 |
| | | 75,000 | 37,500 |
| 4. | **Short-term Provisions** Proposed Dividend | 1,00,000 | 62,500 |
| | | 1,00,000 | 62,500 |
| 5. | **Tangible Assets** Machinery | 8,37,500 | 5,22,500 |
| | Accumulated Depreciation | (1,05,000) | (70,000) |
| | | 7,32,500 | 4,52,500 |
| 6. | **Intangible Assets** Goodwill | 50,000 | 75,000 |
| | | 50,000 | 75,000 |
| 7. | **Inventories** Stock in Trade | 61,000 | 36,000 |
| | | 61,000 | 36,000 |

*Additional Information :*

(i) ₹ 50,000, 12% debentures were issued on 31.3.2016.

(ii) During the year a piece of machinery costing ₹ 40,000, on which accumulated depreciation was ₹ 20,000, was sold at a loss of ₹ 5,000.



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

## खण्ड ख

## (अभिकलित्र लेखांकन)

## PART B

## (Computerized Accounting)

**18.** 'क्वेरी' का क्या अर्थ है ? *1*

What is meant by a 'Query' ?

**19.** 'आँकड़ा-आधारित-प्रतिवेदन' का क्या अर्थ है ? *1*

What is meant by a 'Database Report' ?

**20.** 'लाभ एवं हानि' खाता वर्ग के किन्हीं चार उपवर्गों को समझाइए । *4*

Explain any four sub-groups of the Account Group 'Profit and Loss'.

**21.** अभिकलित्र लेखांकन सॉफ्टवेयर के प्रतिस्थापन में निहित चरणों को समझाइए । *4*

Explain the steps involved in the installation of computerized accounting software.

**22.** विशिष्ट लेखांकन सॉफ्टवेयर का चयन करने से पूर्व ध्यान में रखे जाने वाले 'लचीलेपन' तथा 'प्रस्थापन-लागत' को समझाइए । *4*

Explain 'Flexibility' and 'Cost of installation' as considerations before opting for specific accounting software.

**23.** कार्यसूत्र में अमान्य सांख्यिक मूल्यों के होने के कारण प्रकट होने वाली त्रुटि की पहचान कीजिए । इस त्रुटि को कैसे दूर किया जा सकता है ? समझाइए । *6*

Identify the error that appears when there are invalid numeric values in a formula for function. How can this error be removed ? Explain.



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in